

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

## प्लानिंग, बिल्डिंग और ग्रोथ मैनेजमेंट

यदि आपको ये जानकारी, किसी दूसरी भाषा में  चाहिए, तो कृपया टेलिफोन दुभाषिया सेवाओं (Interpretation Services) के लिए, 3-1-1 पर फोन करें।

ब्रैम्पटन में स्टॉर्मवाटर प्रदूषण को कम करने के तरीकों के बारे में जानने के लिए, Brampton.ca/Pollution-Prevention पर जाएं

SCAN ME

# घर में प्रदूषण को रोकें

### स्टॉर्मवाटर प्रदूषण

स्टॉर्मवाटर का बहाव बारिश और बर्फ का पिघलना है, जो पक्के फर्श वाले पार्किंग स्थानों और ड्राइववेज जैसी सख्त सतहों से बहता है, और ब्रैम्पटन के स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज सिस्टम में चला जाता है, जो लोकल नदियों और नहरों से जुड़ा हुआ है।

स्टॉर्मवाटर का बहाव, तब प्रदूषण पैदा करता है, जब यह पर्यावरण में जाते समय तेल, कीटनाशकों, भारी धातुओं, रसायनों, सड़क के नमक और अन्य पदार्थों को अपने साथ ले जाता है।

**आप घर पर स्टॉर्मवॉटर प्रदूषण को रोकने में मदद कर सकते हैं, यदि आप प्रदूषकों को स्टॉर्मवॉटर सिस्टम से दूर रखें।**

### सैनिटरी सीवर और स्टॉर्मवाटर सीवर के बीच में क्या अंतर है?

सैनिटरी सिस्टम, टॉयलेट्स, सिंक्स, शावर्स, कपड़े धोने की फ़ैसिलिटीज और बेसमेंट फ्लोर की नालियों में से पानी को इकट्ठा करता है और इसे एक वेस्टवाटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी में भेजता है, जहां इसे लेक ओनटैरियो (Lake Ontario) में छोड़ने से पहले ट्रीट किया जाता है।

स्टॉर्मवाटर सीवर सिस्टम, स्टॉर्मवाटर बहाव को इकट्ठा करता है और इसे स्टॉर्मवाटर तालाबों में ले जाता है या सीधे लोकल नदियों और नहरों में और अंत में लेक ओनटैरियो में।

यह बहाव लोकल नदियों और नहरों में खत्म होता है, जो लेक ओनटैरियो में बहती हैं।

### स्टॉर्मवाटर प्रदूषण क्या है?

जैसे-जैसे पानी सड़कों, छतों, पार्किंग स्थानों और साइडवॉक्स जैसी सख्त सतहों पर बहता है, स्टॉर्मवाटर निम्नलिखित चीजों को साथ ले जाता है:

- पालतू जानवरों का पखाना
- कूड़ा
- धूल, मिट्टी और यार्ड का कूड़ा
- सड़क का नमक
- खादें और कीटनाशक दवाईयां
- मोटर तेल, ईंधन और ग्रीस
- पेंट और विलायक

BRAMPTON



## घर में प्रदूषण को रोकने में मदद करें

हम सभी नीचे दिए कदम उठाकर स्टॉर्मवाटर प्रदूषण को रोकने और लोकल नदियों और नहरों की हालत को ठीक रखने में मदद कर सकते हैं:

- अपनी प्रॉपर्टी को साफ-सुथरा और कूड़े से मुक्त रखें।
- अपने पालतू जानवर के पखाने को साफ करें और पालतू जानवर के कूड़े का निपटारा सही ढंग से करें।
- सड़क पर नमक का प्रयोग सावधानी से करें। नमक बिछाने से पहले स्नो और छोटे टुकड़ों को शावल से हटा दें।
- खादों और कीटनाशक दवाईयों के प्रयोग को कम या खत्म करें।
- घरेलू हानिकारक सामग्रियां, जैसे मोटर तेल, एंटीफ्रीज, और पेंट्स का निपटारा, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के कम्युनिटी रिसाइकलिंग सेंटरों (Community Recycling Centres) में करें।
- पूल के पानी को निकालने संबंधी सिटी के नियमों का पालन करें।

**ड्रेन में केवल बारिश का पानी ही जाना चाहिए!**

### हमारे लोकल जलमार्गों को प्रदूषण से बचाने का समाधान करने में भूमिका निभाएं

आप यह सुनिश्चित करके स्टॉर्मवाटर प्रदूषण को रोक सकते हैं कि केवल बारिश या पिघली हुई बर्फ ही स्टॉर्म ड्रेन्स में जाए।

यदि आपको कोई रिसाव नजर आए, तो कृपया उसकी रिपोर्ट यहां करें:

- पील रीजन एमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (Peel Region Emergency Response Team): 905-791-7800 (24-घंटे)
- ओनटैरियो स्पिल्स एक्शन सेंटर (Ontario Spills Action Centre): 1-866-MOE-TIPS (663-8477) (24-घंटे, सप्ताह में 7 दिन)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन: 311 पर फोन करें



## पर्यावरण, कम्युनिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।